## डंपरों ने तबाह कर दी केशला साहबन रोड

### समाधान न होने पर होगा चक्का जाम : किसान सभा



**गोटेगांव, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश किसान सभा इकाई सहावन के नेता नरेश वर्मा ने रेत माफियाओं, शासन प्रशासन की मिलीभगत से केशला सहावन रोड पर अवैध रेत उत्खनन करते हुए भारी भरकम डंपर चलने से प्रधानमंत्री सड़क के परखच्चे उड़ गए हैं जिससे दोपहिया चार पहिया वाहन तो दूर मजदूर किसान, छात्र सहित आम लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है, जगह जगह गड्ढे होने से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है ।

नरेश वर्मा ने सरपंच से लेकर अन्य जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय नेता जो सांसद जी के खास हैं उन्हें आरोपित करते हुए कहा है कि जो बीजेपी सरकार के पक्के पैरोकार हैं, अपने आप को संघ के कट्टर कहते हैं उनके रहते हुए अवैध रेत के डंफरों से बेरोकटोक क्षमता से अधिक बोझ रोड पर चलकर बर्बादी को चुपचाप देखते हुए और खुद उस दलदल से गुजर रहे हैं जो सोशल मीडिया पर ऐसी बर्बाद करने वाली सत्ता का गुणगान करते हैं उन्हें क्या शर्म आएगी और तत्काल इस दुर्दशा के लिए जिम्मेवार अवैध उत्खनन एवं क्षमता से अधिक डंफरों पर रोक लगाने शासन प्रशासन से कार्यवाही कराएंगे। साथ ही प्रशासन से अपील की है तत्काल अवैध उत्खनन एवं क्षमता से अधिक वाले डंफरों पर तत्काल कार्यवाही कर रोक लगाई जाए एवं क्षतिग्रस्त रोड का सुधार कार्य किया जाय । जिससे छात्रों सहित आमजन एवं ट्रैक्टर वाहन खेती के लिए सुगम तरीके से आवागवन कर सकें, अन्यथा की स्थिति में किसान सभा पीड़ित जनता के साथ धरना प्रदर्शन पुतला दहन के साथ चक्का जाम करने मजबूर होंगे।

उक्त जानकारी नरेश वर्मा मध्य प्रदेश किसान सभा इकाई सहावन द्वारा दी गई है।

## साइकिल के लाखों के पुर्जे हो गए कबाड़

**छपारा, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन की साइकिल वितरण योजना, जिसे नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना भी कहा जाता है, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले उन विद्यार्थियों को लाभान्वित करने के लिए है जो सरकारी स्कूलों में कक्षा 6 और 9 में पढ़ते हैं और उनके गांव में माध्यमिक या हाई स्कूल नहीं है. इस योजना का उद्देश्य ऐसे छात्रों को स्कूल तक पहुंचने में सुविधा प्रदान करना है ।



### छपारा जनपद शिक्षा केंद्र का मामला

एक तरफ मध्य प्रदेश सरकार प्रति वर्ष दो सो करोड रूपय प्रदेश के छात्र छात्राओं के लिए साइकिल वितरण योजना में खर्च कर रही है। वहीं विभाग के अधिकारी और सम्बंधित ठेकेदार की मिलीभगत से होने वाले साईकल घोटाले में सरकार की देखरेख नहीं है कहीं न कहीं साइकिल घोटाला में सरकार का ही बड़ा योगदान हो सकता है।

जानकारी हो कि छपारा जनपद क्षेत्र के बीआरसी जनपद शिक्षा केंद्र कार्यालय के पीछे बीते दिवस एक ट्रक भरकर साइकल के पुर्जे और उपकरण खुले आसमान में फेंक दिए गए और बरसात के चलते वह उपकरणों में जंग भी लग रही है उपकरण खराब भी हो रहे हैं। लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदारों को यह होश नहीं है कि उन उपकरणों को सुरक्षित स्थानों में पानी से बचा कर रखा जाए। इससे यह साबित होता है कि जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते गरीब बच्चों को नि:शुल्क दिए जाने वाली साइकिलों में भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही को अनदेखा नहीं किया सकता।

### 6 माह में खराब हो जाती हैं साइकिलें

प्रदेश सरकार की साइकल वितरण योजना में जिस ठेकेदार को प्रदेश स्तर में साइकिल बनाने और सप्लाई करने का ठेका मिलता है वह ठेकेदार सरकार की मिलीभगत से घटिया साइकिलों को बनाना उनके उपकरण तैयार करना और जनपद क्षेत्र के कार्यालयों तक पहुंचाने का काम हो रहा है जो साइकिल बच्चों को दी जाती है। वह साइकल 6 महीने में रद्दी और कबाड़ बन जाती है जबकि हम ये जानते हैं। कि एक साइकिल पूर्व समय में 5 से 7 साल चलती थी। लेकिन वर्तमान में योजना अंतर्गत दी जाने वाली घटिया एक साइकिल की कीमत ?4500 रुपये है जो साइकिल 6 महीने में भी नहीं चल पाती और कवाड होकर रद्दी में बेच दी जाती है गरीब बच्चों के लिए चलाई जाने वाली नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना पर जो पलीता लगाया जा रहा है निशुल्क साइकिल वितरण के नाम पर जो भ्रष्टाचार हो रहा है। यह वानगी छपारा में कबाड़ के रूप में पड़े साइकिलों के उपकरण और कलपुर्जों से अंदाजा लगाया जा सकता है। कहीं ना कहीं छात्र छात्राओं के नाम पर साइकल वितरण योजना में ठेकेदार और संबंधित विभाग के मंत्री और अधिकारी की मिलीभगत से पूरे प्रदेश में करोड़ों का भ्रष्टाचार हो रहा हैयह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा ।

## सार-समाचार

### 450 लीटर विदेशी मदिरा सहित पिक अप वाहन जब्त

**सागर, देशबन्धु ।** कलेक्टर सागर संदीप जी.आर. के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती कीर्ति दुबे एवं सहायक



ज़िला आबकारी अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के मार्गदर्शन में वृत्त रहली अंतर्गत प्राप्त विश्वसनीय सूचना के आधार पर बलेह बांसा रोड पर ग्राम बिछुआ के पास एक महिंद्रा पिकअप वाहन से कुल 50 पेटियों में प्रत्येक पेटी में 50 पाव पावर स्ट्रांग व्हिस्की के कुल मदिरा 450 बल्क लीटर बरामद की गई मौके पर आरोपीगण आबकारी पुलिस को देखकर वाहन को रोड पर छोड़कर भाग गए की गई कार्रवाई में कुल 450 बल्क लीटर मदिरा बरामद की गई जिसकी कीमत लगभग 275000 रुपए एवं जप्त महिंद्रा पिकअप वाहन की कीमत ?450000 अनुमानित होना पाया प्रकरण अजमानतीय है । अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण कायम किया गया। फरार आरोपियों की तलाश जारी है प्रकरण में विवेचना जारी है उक्त कार्रवाई में वृत रहली प्रभारी सियाराम चौधरी के साथ मुख्य आरक्षक एसपी साकेत आरक्षक राजकमल, दीपेंद्र सम्मिलित रहे।

### जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक आज

**सागर, देशबन्धु।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत के निर्देशानुसार जिला पंचायत की साधारण सभा की बैठक 2 जुलाई को दोपहर 3 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में पीएचई विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा, भवन विहीन शालाएं, जर्जर भवनों, शिक्षा विभाग अंतर्गत शौचालय की समीक्षा एवं आवंटन जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### दिनेश चौकसे को मातृ शोक, अंतिम संस्कार आज

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक कामथ वार्ड निवासी एडवोकेट दिनेश चौकसे की पूज्य माता जी सेवा निवृत



शिक्षिका श्रीमती सुलोचना चौकसे का विगत दिवस्व 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया।आप सहज, सरल,और मिलनसार व्यक्तित्व की धनी महिला थीं।श्रीमति सुलोचना चौकसे का अंतिम संस्कार आज मंगलवार को स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न होगा। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से स्थानीय मुक्तिधाम सुबह 9 बजे प्रस्थान करेगी। श्रीमति सुलोचना चौकसे के निधन से परिवार में शोक व्याप्त हो गया। सभी ने उनके निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन



**छपारा, देशबन्धु ।** जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए मध्यप्रदेश सरकार की अभिनव और महत्वाकांक्षी पहल के तहत चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का सोमवार को खण्डवा में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री मप्र की उपस्थिति में समापन किया गया।

इस अवसर पर उनके संबोधन का सजीव प्रसारण जनपद पंचायत छपारा के सभाकक्ष में जनप्रतिनिधियों और जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों तथा जन अभियान परिषद के स्वयंसेवको, जलदूतों के साथ ही आजीविका मिशन की दीदीयो की उपस्थिति में देखा व सुना गया. गौरतलब है कि शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत 30 मार्च को संपूर्ण प्रदेश के साथ ही सिवनी में भी कलेक्टर संस्कृति जैन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी नवजीवन पंवार के मार्गदर्शन और निर्देशन में पूरे अभियान का संचालन किया गया, जिसके बेहतर परिणाम भी प्राप्त हुए।

अभियान के अंतर्गत हज़ारों लोगों के द्वारा स्वप्रेरणा से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया व जल के प्रति आम लोगों में जन जागरुकता पैदा की गई. जिले में कई जल संरचनाओं का निर्माण किया गया. सैकड़ों जल संगोष्ठीयों, जागरुकता रैलियां, नारे लेखन, सोखते गढ़े, बावड़ी कुए और नदियों तालाबों की सफाई, बोरी बंधान, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जल के प्रति आम जन मानस में चेतना पैदा की गई व जल के महत्व के बारे में सार्वजनिक चर्चा कर जल संचय और उसके विवेकपूर्ण उपयोग के बारे में बताया गया।

सोमवार को इस अवसर पर जनपद पंचायत सभाकक्ष में सदम सिंह वरकडे, अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष छपारा, प्रभात सिंह उपाध्यक्ष, शिवकांत सिंह उपाध्यक्ष नगर परिषद, के साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी राकेश दुबे, बीडीओ एस एल मर्सकोले, जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अनिल चौरे सहित जन अभियान परिषद तथा आजीविका मिशन के नेटवर्क से जुड़े जलदूत व अन्य स्वयंसेवी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद की कार्यशाला आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** भारत विकास परिषद की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। अब हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ रही है क्योंकि सरपंच से लेकर राष्ट्रपति तक अब हमारी ही विचारधारा के व्यक्ति भारत के विकास में जुटे हुए हैं।

हमें भी व्यक्तित्व निर्माण करते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्य में अपनी एक आहुति प्रदान करना है, समाज सेवा के क्षेत्र में रुचि रखने वाले हमारे बीच के संपन्न संभ्रांत नागरिक सभी वर्ग के इस संस्था से जुड़कर संस्कार युक्त समाज सेवा के कार्यों को पूरे देश में अंजाम दे रहे हैं महाकौशल प्रांत में भी हमें अपने बीच के प्रतिभाशाली परिवारों के अधिक से अधिक जोड़ना है उक्त विचार बिलासपुर से पधारे रीजनल जॉइंट जनरल सेक्रेटरी पूर्णेन्दु भट्ट ने व्यक्त करते हुए समाज परिवर्तन के पांच सूत्रों को विस्तार से समझाया एवं भारत के निर्माण में वर्तमान की चुनौतियों से अवगत कराया।



रीजन के मीडिया प्रभारी बी डी सोनी ने बताया कि रीजनल प्रेसिडेंट इंजीनियर सुनील कोठारी ने गोटेगांव में आयोजित प्रांतीय कार्यशाला की प्रशंसा करते हुए कार्यशाला के सूत्रधार इंजीनियर सरदार सिंह पटेल एवं पूरे गोटेगांव शाखा की मंच से करतल ध्वनि से सराहना करते हुए कहा कि आज की यह कार्यशाला पूरे सेंट्रल रीजन को मजबूती प्रदान करेगी और समस्त प्रांत में जिला स्तर पर ऐसी ही कार्यशालाएं आयोजित की जायेगी।

महाकौशल प्रांत के संरक्षक इंजी सरदार सिंह पटेल ने समाज के सभी वर्ग के नागरिकों से युवाओं से राष्ट्रवादी संगठन भारत विकास परिषद में जोड़ने का आवाहन करते हुए कहा कि हम पूर्ण सहयोग का आश्वासन प्रदान करते हुए ऐसी योजना बनाएंगे की महाकौशल प्रांत की प्रत्येक जिले में ऐसी कार्यशाला हो जिससे सेंट्रल रीजन का माहौल देश स्तर पर बने, युवाओं से भी उन्होंने जोड़ने का आह्वान किया क्योंकि यह संस्कार के साथ राष्ट्र की सेवा का कार्य है। आपने रीजनल अध्यक्ष सुनील कोठारी के जीवन में समाज सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की, विशेष रूप से उपस्थित विधायक गोटेगांव महेंद्र नागेश ने कहा कि मैं इस संस्था का प्रारंभिक सदस्य हूं और गोटेगांव में आए हुए पूरे प्रांत के पदाधिकारी का हृदय से अभिनंदन है।

## विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिक्रमण से बच्चों को खतरा

**छपारा, देशबन्धु।** स्थानीय मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल, जो 135 वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता आ रहा है, ने अपने मुख्य द्वार के सामने अवैध अतिक्रमण और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर मुद्दों को लेकर कलेक्टर सिवनी को शिकायत सौंपी है।

प्राचार्य माइकल जॉन द्वारा दी गई शिकायत में आरोप है कि पास के निवासी एवं व्यवसायी कृष्णकांत (कानू) अग्रवाल ने विद्यालय गेट के सामने की सार्वजनिक जमीन पर जानबूझकर मिट्टी, मलबा और पत्थर डालकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। साथ ही उन्होंने आटा-चक्की और किराए की दुकानों का विस्तार कर आपातकालीन निकासी मार्ग बाधित किया है, जब विद्यालय प्रबंधन द्वारा उसे गेट के सामने से अतिक्रमण हटाने कहा गया तो उसके द्वारा गाली-गलौच, दुर्व्यवहार और धमकी भरी भाषा का उपयोग किया गया ।

विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि उसके द्वारा निर्मित आटा-चक्की और अन्य किराए की दुकानों के सामने अव्यवस्थित पार्किंग से विद्यार्थियों का आवागमन न केवल बाधित हुआ है लेकिन उनकी सुरक्षा को भी खतरा है, विद्यार्थियों की सुरक्षा को खतरा है, बल्कि नई शिक्षा नीति (ह्श्वक्क) के अंतर्गत स्कूल सुरक्षा



### मिशन स्कूल प्रबंधन ने कलेक्टर से की शिकायत

दिशानिर्देश और बाल अधिकार आयोग के निर्देशों का भी उल्लंघन हो रहा है। साथ ही, आटा-चक्की से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण ड्डसाइलेंस ज़ोनड्ड में आने वाले क्षेत्र में छात्रों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न कर रहा है। प्रबंधन ने यह भी मांग की है कि विवादित भूमि के दस्तावेजों की वैधता की जाँच करायी जाए, और यदि बिना अनुमति व्यावसायिक उपयोग हो रहा है, तो विधिसम्मत कार्रवाई की जाए। साथ ही पूरे क्षेत्र को स्थायी ड्डसाइलेंस ज़ोनड्ड घोषित कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन द्वारा एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ, पुलिस थाना छपारा में भी शिकायत दर्ज की जा चुकी है।

## दैनिक राशिफल

**मंगलवार 01 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की षष्ठी, नक्षत्र-पू. फा.।**

मेष - साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आप का मन खुश रहेगा।।

वृषभ - आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

मिथुन - किसी खास काम में सफलता मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। विरोधी भी आपसे पराजित होंगे। दोपहर के बाद घर में किसी विवाद का वातावरण बना रहेगा। क-145-349

कर्क - आज आपका मन किसी उलझन में रहेगा, इससे आपको किसी विशेष काम करने में निराशा होगी। परिजनों के साथ तनावपूर्ण स्थिति बन सकती है।

सिंह - आज के दिन आप आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। आज आप प्रत्येक कार्य दृढ़ निर्णयशक्ति से करेंगे। इससे आपको सफलता मिलेगी।

कन्या - आज आपका मन कुछ अधिक इमोशनल रहेगा। इमोशनल होकर किसी तरह का गलत निर्णय ना ले लें, इसका ध्यान रखें।

तुला - आज का दिन लाभ का बना हुआ है। व्यापार में आपको लाभ होगा। संतान के साथ संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोपहर के बाद मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से प्रत्येक काम पूरे होंगे। व्यवसाय में भी आपकी प्रतिभा की प्रशंसा होगी। जॉब में अधिकारी आपके काम से खुश होंगे।

धनु - आप आज धार्मिक बने रहेंगे। किसी धार्मिक या मांगलिक प्रसंग पर जाने का अवसर मिल सकता है। आपका व्यवहार भी आज अच्छा रहेगा।

मकर - आज संभलकर रहें। स्वास्थ्य के विषय में लापरवाह न रहें। नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। इससे आपके बहुत से काम आसानी से बन जाएंगे।

कुंभ - आज साधारण सी बातों पर दांपत्यजीवन में विवाद हो सकता है। सांसारिक बातों में आपका मन नहीं लगेगा। अदालती कामकाज में संभलकर रहें।

मीन - आपका मन आज किसी चिंता में रहेगा। काम की सफलता में आपको विघ्न आएंगे। ऑफिस में साथियों की मदद नहीं मिलेगी। मैरीड कपल के बीच विवाद हो सकता है। म-679-390

1,6,3,8-19,64,35,86,53,27,44,94

## प्रदेश में बढ़े अत्याचार, जीतू पटवारी पर बनाया फर्जी मामला : कांग्रेस

**सिवनी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में भाजपा द्वारा अराजकता की स्थिति बना दी गई है। गरीबो पर भाजपा के प्रभावशाली दबंग लगातार अत्याचार कर रहें है। सरकार के दबाव में पुलिस उन अत्याचारियों पर कार्यवाही करने पर बच रही है। जीतू पटवारी पर फर्जी मामला बनाए जाने को लेकर जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना एवं प्रवक्ता राजिक अकील ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ऐसा ही एक मामला ग्राम मुडरा, थाना मुंगावली, अशोक नगर के दो पीड़ित भाई गजराज लोधी एवं रघुराज लोधी से दबंगो ने मारपीट की उनकी मोटर सायकल छुडा ली और उन्हें जबरन मल खिलाया।



### कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता में घेरा भाजपा सरकार को

दोनों भाई लगातार पुलिस से गुहार लगाते रहें चूंकि आरोपी सत्ताधारी दल के थे, पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। स्थानीय नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी जी को न्याय के लिए बुलाया, दोनों भाईयों ने ऑनरिकार्ड जीतू पटवारी के सामने अपनी व्यथा सुनाई। जीतू पटवारी ने उसी समय अशोक नगर कलेक्टर आदित्य सिंह को फोन लगाकर कार्यवाही करने के लिए कहां, जिस पर कलेक्टर का जवाब था कि मल खिलाने की घटना मेरे नालेज में भी है इससे स्पष्ट होता है कि पीड़ितो को मल खिलाए जाने की शिकायत पूर्व में की जा चुकी थी, किन्तु पुलिस द्वारा भाजपा सरकार के दबाव में पीड़ितों से झूठा शपथ पत्र में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ ही शिकायत लिखाकर उन पर विभिन्न धाराओं के अन्तर्गतग मुंगावली थाने में मामला दर्ज कर दिया गया। जीतू पटवारी पूरे प्रदेश में शोषित पीड़ितो की आवाज उठा रहें है, प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव उन पर झूठे मुकदमें दर्ज कराकर आवाज को दबा देना चाहते है। जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के उपर झूठे मामले दर्ज हो सकते है तो पूरे प्रदेश में सरकार की तानाशाही के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर क्या हाल होगा।

एक ओर झूठे शपथ पत्र के आधार पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी पर झूठे मामले दर्ज किए जा रहें है वही दूसरी ओर सिवनी विधायक ने मुस्लिम समाज के खिलाफ भरी सभा में अपमानजनक अपशब्दों का प्रयोग किया, उन्हें काटने की बात कही, सिवनी जिले के प्रत्येक थानों में विभिन्न संगठनों द्वारा सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन पर कार्यवाही की मांग की थी, किन्तु पुलिस द्वारा भाजपा सरकार के दबाव में विधायक पर कोई कार्यवाही नही की गई, कार्यवाही न होने पर माननीय उच्च न्यायालय से गुहार लगाई गई, 18 फरवरी 2025 को माननीय न्यायालय ने निष्पक्ष जांच कर एफआईआर दर्ज करने के आदेश पुलिस को दिए गए, इसी तरह जल संसाधन विभाग के अधिकारी के साथ विधायक द्वारा मारपीट की गई, उनके द्वारा भी उच्च अधिकारियों से सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन पर कार्यवाही करने हेतु गुहार लगाई गई लेकिन इतनी शिकायत के बाद भी उन पर पुलिस द्वारा भाजपा सरकार के दबाव में आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। वहीं दूसरी ओर झूठे शपथ पत्र दिलाकर पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर मामला दर्ज किया।

50 वर्ष पूर्व आपातकाल का रोना रोने वाली भाजपा के शासनकाल में अघोषित आपातकाल लगा हुआ है। शोषित पीड़ित वर्ग की कोई सुनवाई नहीं हो रही है उन पर लगातार अत्याचार जारी है। यदि जीतू पटवारी जी के उपर फर्जी दर्ज मुकदमा वापस नही लिए गए तो कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी।